तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज पोकरराम पूनीया बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार बालेसर) सू.अ.अ. अपील संख्या 52 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.03.21	अपीलार्थी पोकरराम पूनीया पुत्र मालाराम, पता पूनीयों की प्याउ ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 31.12.2020 में उसके द्वारा (1) ग्राम गोकुलनगर, ग्राम पंचायत कोनरी तह. बालेसर खसरा नम्बर 22 में जा रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया उसका पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बालेसर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बालेसर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बालेसर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बालेसर) को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	